# यूपी को जीएसटी सुधारों का मिलेगा सबसे ज्यादा लाभ : योगी

## CM बोले-GST दरों में बदलाव से देश की इकॉनमी में 2 लाख करोड़ का फ्लो बढ़ेगा

**NBT रिपोर्ट, लखनऊ**

सीएम योगी आदित्यनाथ ने 22 सितंबर से लागू होने जा रहे जीएसटी सुधारों को जनता के लिए पीएम का गिफ्ट व देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई देने वाला व्यापक अभियान बताया है। उन्होंने कहा कि इससे महंगाई से राहत व व्यापार को गति मिलेगी। देश का सबसे बड़ा उपभोक्ता प्रदेश होने के चलते यूपी को इन सुधारों का सबसे ज्यादा लाभ मिलेगा।

योगी गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर पत्रकारों से मुखातिब थे। उन्होंने कहा कि जुलाई 2017 में जीएसटी लागू होने से पहले देश में अलग-अलग कर लागू थे जिनमें वैट, सेल्स टैक्स, सेवा कर, उत्पाद शुल्क, एंट्री टैक्स और मनोरंजन कर जैसे जटिल कर उपभोक्ताओं और कारोबारियों पर भारी पड़ते थे। जीएसटी ने इन्हें समाहित कर देश को वन नेशन, वन टैक्स की व्यवस्था दी। अब जीएसटी में सबसे बड़ा सुधार कर 4 स्लैब को घटाकर 2 स्लैब कर दिया गया है। इससे आम उपभोक्ता को सीधी राहत मिलेगी। रसोई से लेकर कृषि, मकान निर्माण से लेकर बड़े हाइवे और इंफ्रास्ट्रक्चर प्रॉजेक्ट्स, उद्योग और व्यापार, हर क्षेत्र को लाभ मिलेगा। देश की अर्थव्यवस्था में करीब 2 लाख करोड़ रुपये का कैश फ्लो इससे आएगा। इसी अनुपात में यूपी में भी इसका असर दिखेगा।



**प्रदेश मे किसान से लेकर इंडस्ट्री तक को फायदा** : सीएम ने कहा कि पहले यूपी में वैट और सेल्स टैक्स से केवल 49,000 करोड़ रुपये का राजस्व आता था। 2017 के बाद यह बढ़कर 1.15 लाख करोड़ रुपये हो गया। केंद्र से जो शेयर मिलता है वह इसके अलावा है। इससे प्रदेश में एक्सप्रेसवे, मेट्रो और एयरपोर्ट नेटवर्क का विस्तार संभव हुआ। नए बदलावों से यूपी में खासतौर पर पिपरमेंट, फुटवियर, रेडीमेड गारमेंट और वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रॉडक्ट (ODOP) उद्योगों से लाभ होगा। सिंथेटिक मैंथॉल पर 18% टैक्स और ऑर्गेनिक मैंथॉल पर केवल 5% टैक्स लगाया गया है। यूपी ऑर्गेनिक मैंथॉल के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है। इसका सीधा फायदा किसानों को होगा।

### यूपी में रोजगार को मिलेगा और विस्तार

योगी ने कहा कि प्रदेश ने बीते वर्षों में इंफ्रास्ट्रक्चर और आर्थिक सुधार के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की है। 2017 से पहले केवल दो एयरपोर्ट क्रियाशील और दो आंशिक थे, वहीं आज 16 एयरपोर्ट संचालित हैं और गौतमबुद्ध नगर में देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट इस साल के अंत तक चालू हो जाएगा। प्रदेश के परंपरागत उद्योगों और वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रॉडक्ट (ODOP) योजना के तहत हस्तशिल्पियों और कारीगरों को प्रोत्साहन मिला है। अब उनके उत्पादों पर केवल 5% जीएसटी लगेगा, जिससे बनारसी साड़ी, लखनऊ की चिकनकारी, बरेली का जरदोजी, जालौन का कागज उद्योग और फिरोजाबाद का ग्लास उद्योग जैसे क्षेत्र फलेंगे-फूलेंगे। इससे न केवल उत्पादन और मांग बढ़ेगी, बल्कि बड़े पैमाने पर रोजगार भी सृजित होंगे।



ट्रैक्टर, टायर, कीटनाशक और सिंचाई उपकरणों पर टैक्स घटाकर 5% कर दिया गया है। इससे खेती की लागत घटेगी और उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी।

### भाजपा ने शुरू किया नेक्स्ट जेन जीएसटी अभियान



**NBT रिपोर्ट, लखनऊ** : भाजपा ने गुरुवार को नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म अभियान के तहत स्टिकर लॉन्च किए। साथ ही वॉट्सऐप पर अपनी डीपी बदली। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने इस अभियान की शुरुआत की। अभियान के संयोजक सुभाष यदुवंश ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जीएसटी की दरों में ऐतिहासिक बदलाव किया है। इसी क्रम में नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म अभियान शुरू किया गया है। अभियान के तहत सभी जिला पंचायत, नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत, विकास खंडों में पीएम मोदी को धन्यवाद देने के लिए विशेष सत्र बुलाए जाएंगे। सभी बाजारों में दुकानों पर स्टिकर लगवाए जाएंगे।